प्रेषक,

महत्वपूर्ण/विशेष ध्यानाकर्षण/ई–मेल

सचिव
प्राविधिक शिक्षा परिषद
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय/अनुदानित/निजी क्षेत्र की संस्थाएँ।

संख्या : प्राशिप/अनु03/2024/8824 **लखनऊ : दिनांक 10/12/2024**

विषयः परिषद द्वारा आयोजित सम सेमेस्टर/वार्षिक परीक्षा/बैक पेपर/विशेष बैक पेपर परीक्षा, जून 2024 के पुनर्मूल्यांकन की फीस वापस किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया परिषद कार्यालय के पत्र सं0 प्राशिप/अनु03/2024/8294 दिनांक 19/11/2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त पत्र के द्वारा आपकी संस्था में अध्ययनरत् ऐसे छात्र/छात्राएं जिन्होंने पुनर्मूल्यांकन फार्म भरते समय निर्धारित शुल्क से अधिक का भुगतान कर दिया था, उनको Refund की जाने वाली धनराशि उनके खाते में भेजने हेतु खाता विवरण (जैसे–खाता संख्या, IFSC Code इत्यादि) परिषद वेबसाइट www.bteup.ac.in पर उपलब्ध RESULT नामक लिंक के माध्यम से दिनांक 13.11.2024 से 23.11.2024 तक Update किये जाने के संबंध में निर्देश प्रदान किये गये थे।

सूच्य है कि पुनर्मूल्यांकन फीस Refund करने हेतु अभी तक 77000 छात्र/छात्राओं के सापेक्ष केवल 45000 छात्र/छात्राओं द्वारा उक्त लिंक पर अपना खाता विवरण अपडेट किया गया है। जिसके कारण खाता विवरण Update न करने वाले छात्र/छात्राओं की पुनर्मूल्यांकन फीस Refund करने में परिषद को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अतः छात्रहित में पुनर्मूल्यांकन फीस Refund करने हेतु खाता विवरण Update करने के संबंध में अंतिम अवसर प्रदान करते हुए दिनांक 11/12/2024 से 17/12/2024 तक Portal खोला जा रहा है। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त विवरण के आधार पर पुनर्मूल्यांकन फीस वापस कर दी जायेगी।

निर्देशित किया जाता है कि संबंधित छात्र/छात्राओं को अपने स्तर से उपरोक्तानुसार समयान्तर्गत अवगत कराना सुनिश्चित करें, एवं यह भी सुनिश्चित करें कि कोई भी छात्र/छात्रा Refund शुल्क प्राप्त करने के संबंध में ऑनलाइन पोर्टल पर अपना खाता विवरण अपडेट करने से वंचित न रहने पाये। यदि किसी छात्र/छात्रा द्वारा निर्धारित समयावधि के भीतर अपना खाता विवरण Update नहीं किया जाता है तो निर्धारित तिथि के पश्चात ऐसे छात्र/छात्राओं के Refund Claim पर परिषद द्वारा विचार नहीं किया जायेगा। जिसके लिए संबंधित संस्था प्रधानाचार्य/छात्र–छात्राएं स्वयं जिम्मेदार होंगे।

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव।

पृ0 सं0 : प्राशिप/अनु03/2024/8825–29 **तद्दिनांक 10/12/2024**

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन लखनऊ को प्रमुख सचिव महोदय के अवलोकनार्थ सादर प्रेषित।
2. महानिदेशक, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
3. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 कानपुर।
4. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र को इस आशय के साथ कि उपरोक्तानुसार अपने क्षेत्रान्तर्गत संस्थाओं को निर्देशित करने का कष्ट करें।
5. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग को इस निर्देश के साथ कि उक्त सूचना परिषद की वेबसाइट www.bteup.ac.in पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव।